प्रादेशिक समाचार
14.04.2024 (दोपहर–1455 बजे)

भारतीय जनता पार्टी ने लोकसभा चुनावों के लिए आज अपना घोषणा पत्र जारी कर दिया है। इसे संकल्प पत्र नाम दिया गया है। नई दिल्ली स्थित भाजपा मुख्यालय में जारी किए गए संकल्प पत्र में एक राष्ट्र–एक चुनाव, समान नागरिक संहिता और एकल मतदाता सूची का वादा किया गया है। संकल्प पत्र में भाजपा ने प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना के अंतर्गत मुफ्त राशन की सुविधा को अगले 5 वर्ष तक जारी रखने की बात कही है। साथ ही आयुष्मान भारत योजना में देश के सभी वरिष्ठ नागरिकों को शामिल करने का वादा किया गया है। वहीं, संकल्प पत्र में तीन करोड़ लखपति दीदी बनाने पर बल दिया गया है और पीएम सूर्य घर योजना के साथ बिजली बिल शून्य करने का वादा किया गया है। इधर, कांग्रेस ने कहा है कि लोकसभा चुनाव के लिए भारतीय जनता पार्टी के घोषणापत्र में रोजगार देने के बारे में कुछ नहीं कहा गया है। कांग्रेस की ओर से कहा गया कि न्यूनतम समर्थन मूल्य की कानूनी गारंटी देने और महंगाई कम करने जैसे मुद्दों पर भी भाजपा का घोषणापत्र मौन है।

****

रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन– डी. आर. डी. ओ. और भारतीय सेना ने कंधे से लॉन्च की जाने वाली स्वदेशी एंटी–टैंक गाइडेड मिसाइल वेपन प्रणाली का सफल परीक्षण किया। कल राजस्थान के पोखरण फायरिंग रेंज में यह परीक्षण किया गया। एंटी–टैंक गाइडेड मिसाइल का दिन और रात में कभी भी इस्तेमाल किया जा सकता है। इसमें आधुनिक युद्ध टैंक को ध्वस्त करने की क्षमता है।

****

राष्ट्रीय ताप विद्युत् निगम, एनटीपीसी ने अपने निगमित सामाजिक दायित्व–सीएसआर के तहत चतरा जिले के टंडवा प्रखंड स्थित परियोजना प्रभावित छह गांवों में स्वास्थ्य सुविधाओं को बेहतर करने के लिए मोबाइल मेडिकल यूनिट की शुरुआत की है। परियोजना के मुख्य महाप्रबंधक एसके पांडा ने बताया कि यह मेडिकल यूनिट अगले तीन वर्षों तक निशुल्क स्वास्थ्य सेवा प्रदान करेंगी।

****

कोयला मंत्रालय ने चतरा जिले के टंडवा में चल रहे आम्रपाली और मगध कोल परियोजना को फाइव स्टार रेटिंग प्रदान किया है। वित्तीय वर्ष 2022–23 में इन खदानों ने लक्ष्य से अधिक कोयला का उत्पादन किया है। देश की कुल बिजली जरूरत का तीसरा हिस्सा कोयले से उपलब्ध हो रहा है। केंद्रीय कोयला मंत्रालय और कोल इंडिया ने अपनी वार्षिक रिपोर्ट में कहा है कि अगले दो दशकों तक बिजली की जरूरतों को पूरा करने में कोयले की भूमिका बनी रहेगी। उधर देश में भी कोयला आधारित बिजली की मांग में नौ दशमलव चार शून्य फीसदी की वृद्धि दर्ज की गयी है।

****

पश्चिमी सिंहभूम जिले के सारंडा स्थित घाघरथी झरने को इको टूरिज्म के दायरे में विकसित किया जा रहा है।

****

गुमला जिले के पटेल चौक से पुलिस ने चार अपराधियों को हथियार और गोलियों के साथ गिरफ्तार किया है। जिले के पुलिस अधीक्षक शंभू कुमार सिंह ने बताया कि गिरफ्तार लोगों के पास से तीन देशी कट्टा और 12 गोलियां मिली हैं। उन्होंने यह जानकारी दी कि ये सभी पहले भी विभिन्न आपराधिक मामलों में जेल जा चुके हैं।

****

मौसम विभाग के अनुसार राज्य के अधिकतर हिस्सों में कल से पछुआ हवा चलने के कारण मौसम का रुख बदलेगा। इस दौरान धूप तेज होगी और गर्मी का प्रकोप बढ़ेगा। ऐसे में कृषि वैज्ञानिकों ने किसानों को खेती के दौरान कई तरह की सावधानी बरतने की सलाह दी है। रांची स्थित बिरसा कृषि विश्वविद्यालय के मौसम वैज्ञानिक अनुराग सनड्या ने बताया कि कद्दू की सब्जियों में लाल भृंग कीट लग जा रहा है जिससे

बचने के लिए खेतों में राख का छिड़काव करना चाहिए। उन्होंने बताया कि टमाटर और बैंगन को फल छेदक कीट से बचाने के लिए खेत में पक्षी बसेरा लगाना चाहिए।

****** समाप्त ******